मांग संख्या 38

मुख्य शीर्ष 2055

मद क्रमांक 1

पुलिस को नक्सलियों के विरूद्ध सशक्त बनाने के लिए 4 एंटीमाइन वाहन के क्रय पर रूपये 260.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु नवीन मद के रूप में राशि रूपये 2,60,00,000 का प्रावधान किया गया है ।

मुख्य शीर्ष 4059

मद क्रमांक 2

पुलिस प्रशिक्षण शाला माना, राजनांदगांव, ए.पी.टी.एस. बारसूर व पी.टी.एस. बोरेगांव के उन्नयन, समन्वय केन्द्र बस्तर, रायपुर, सरगुजा के निर्माण, इंटेलीजेंस विंग, रायपुर एवं नवीन पुलिस प्रशिक्षण शाला सरगुजा के निर्माण हेतु कुल रूपये 2548.00 लाख का व्यय प्रस्तावित है । इसमें से वर्ष 2007-08 हेतु राशि रूपये 892.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु अपरीक्षित नवीन मद के रूप में रूपये 8,92,00,000 का प्रावधान किया गया है ।

मुख्य शीर्ष 4202

मद क्रमांक 3

पुरातत्व संरक्षण हेतु राज्य शासन द्वारा 2 पुरातत्वीय संग्रहालयों के निर्माण जगदलपुर, बिलासपुर एवं एम.जी.एम. रायपुर के उन्नयन हेतु राशि रूपये 100.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु अपरीक्षित नवीन मद के रूप में राशि 1,00,00,000 का प्रावधान किया गया है ।

मुख्य शीर्ष 4406

मद क्रमांक 4

वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आवास व्यवस्था हेतु 186 वन रक्षक आवास, 56 फारेस्टर आवास, 4 रेंज आफिसर आवास एवं 4 ए.सी.एफ. आवास, कुल 250 आवास के निर्माण हेतु रूपये 519.60 लाख का व्यय संभावित है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु अपरीक्षित नवीन मद के रूप में राशि रूपये 5,19,60,000 का प्रावधान किया गया है ।